कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-23.03.2023

15 लाख कीमती हिरण सींग के साथ 02 तस्कर 1-अमन अग्रहरि व 2-पवन मोदनवाल थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 02 हिरण के सींग व नाजायज़ देशी तमंचा व दो कारतूस बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में दिनांक-22.03.2023 को पलही पट्टी की ओर से आ रहे कुछ तस्करों द्वारा हिरण के सींग बेचें जाने की मुखबिरी सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.अमन अग्रहरि पुत्र संतोष अग्रहरि निवासी ग्राम पलही पट्टी थाना चोलापुर जनपद वाराणसी 2.पवन मोदनवाल पुत्र संतोष मोदनवाल निवासी ग्राम पलहीपट्टी थाना चोलापुर जनपद वाराणसी को 21:20 बजे मोहाव बाबतपुर सड़क मार्ग से अवैध 02 अदद हिरण के सींग व नाजायज एक अदद देशी तमंचा व दो अदद 315 बोर जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोलापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-115/2023 धारा 429/379/411 भा0द0वि0 व 51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम तथा मु0अ0सं0-116/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.अमन अग्रहरि पुत्र संतोष अग्रहरि निवासी ग्राम पलही पट्टी थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

2.पवन मोदनवाल पुत्र संतोष मोदनवाल निवासी ग्राम पलहीपट्टी थाना चोलापुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 27 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

अवैध 02 अदद हिरण के सींग **(अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 15 लाख रुपए)** व नाजायज़ एक अदद तमंचा देशी व दो अदद 315 बोर कारतूस बरामद।

विवरण पूछताछ-अभियुक्त अमन अग्रहरी ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग चोरी-छिपे जमनिया जनपद गाजीपुर गये थे और गाजीपुर क्षेत्र में वन्यजीव हिरण को मारकर उनके अंगों जैसे सींग आदि को तस्करों के माध्यम से बेचकर पैसा कमाते हैं यह बरामद हिरण के सींग भी हिरण को मारकर प्राप्त किये हैं जिससे मैं अपने साथी पवन मोदनवाल के साथ लेकर बनारस जा रहा था। यहाँ मेरी अनुराग गौड़ उर्फ अन्नू से बेचने की डील हो चुकी है। यह धंधा हम लोग काफी समय से कर रहे हैं।

आपराधिक इतिहास-

पवन मोदनवाल पुत्र संतोष मोदनवाल निवासी ग्राम पलहीपट्टी थाना चोलापुर जनपद

1.मु0अ0स0 115/2023 धारा 429/379/411 भा0द0वि0 व धारा 51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम थाना चोलापुर जनपद कमिश्नरेट वाराणसी।

अमन अग्रहरि पुत्र सन्तोष अग्रहरि निवासी ग्राम पलहीपट्टी थाना चोलापुर वाराणसी

1.मु0अ0सं0 115/2023 धारा 429/379/411 भा0द0वि0 व धारा 51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम थाना चोलापुर जनपद कमिश्नरेट वाराणसी।

2.मु0अ0सं0 116/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 विकास पाण्डेय थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3.उ0नि0 अभिजीत सिंह थाना चोलापुर कमि0 वाराणसी।

3.का0 सत्यप्रकाश यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4.का0 हिमाशू सिंह थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

5.हे0का0 हरिशंकर यादव थाना चोलापुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी